Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 34 | बुधवार, 04 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## UP Phrma Conclave 1.0 में बोले सीएम योगी

# पीएम मोदी की नीतियों से झुकीं महाशक्तियां



नई दिल्ली।

यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की सराहना करते हुए भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि उत्तर प्रदेश अब एक पिछड़ा राज्य नहीं, बल्कि एक राजस्व अधिशेष वाली अर्थव्यवस्था बन चुका है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम करने और भारत को एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में मान्यता देने के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम करने और भारत को एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में मान्यता देने के लिए हम प्रधानमंत्री मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प के आभारी हैं। यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश ने पिछड़े राज्य की अपनी छवि को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य राजस्व अधिशेष वाली अर्थव्यवस्था में बदल गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने अपना पहला निवेश शिखर सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें 20,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित हुआ।

हमें कई सुधार लागू करने पड़े और महत्वपूर्ण बदलाव लाने पड़े, और आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि हमारे पास भूमि बैंक सुविधा भी है। उत्तर प्रदेश अब पिछड़ा राज्य नहीं है; यह अब राजस्व अधिशेष वाला राज्य है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने राज्य के चिकित्सा क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के संभावित योगदान का पता लगाने के लिए 2 करोड़ रुपये की राशि की घोषणा की। उन्होंने जोर दिया कि इस निवेश का उद्देश्य अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके पूरे उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा और निदान को बेहतर बनाना है। मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा कि मैं माननीय प्रधानमंत्री का आभारी हूं। दिल्ली में एक एआई सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है, और हमने उत्तर प्रदेश में चिकित्सा क्षेत्र में एआई के संभावित योगदान का पता लगाने के लिए 2 करोड़ रुपये की राशि की घोषणा की थी। उन्होंने राज्य सरकार के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने वाली चिकित्सा और दवा कंपनियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज मैं उन सभी चिकित्सा कंपनियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिनके साथ हमने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उत्तर प्रदेश पर भरोसा जताने के लिए मैं उन सभी का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं। आज जब भारत अपनी नीतियों पर दृढ़ है, तब तो महाशक्तियों को भी इसके सामने झुकना पड़ा है और भारत अब एक आत्मनिर्भर राष्ट्र है।

## न्यूक्लियर से लेकर मिनरल्स तक... भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर जयशंकर और रूबियो ने किन मुद्दों पर की बात?



नई दिल्ली।

भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील साइन होने से पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के बीच वॉशिंगटन में मुलाकात हुई। दोनों के बीच रेयर मिनरल्स की खोज, माइनिंग और प्रोसेसिंग पर द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर चर्चा की।

जयशंकर के मुताबिक, बातचीत के दौरान भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के कई पहलुओं पर चर्चा हुई, जिसमें व्यापार, ऊर्जा, परमाणु, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और टेक्नोलॉजी शामिल हैं। एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों नेता हमारे साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए अलग-अलग मैकेनिज्म की जल्द मीटिंग करने पर सहमत हुए। प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगोट की ओर से जारी बयान में बताया गया कि रूबियो और जयशंकर ने राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का स्वागत किया। बयान में कहा गया है, ?दोनों नेताओं ने नए आर्थिक अवसर खोलने और हमारे साझा एनर्जी सिक्योरिटी लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए हमारे लोकतंत्रों के एक साथ काम करने के महत्व पर जोर दिया।

## धोखाधड़ी मामले में शादी डॉट काम के संस्थापक को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वैवाहिक पोर्टल शादी डॉट काम के संस्थापक अनुपम मित्तल को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने धोखाधड़ी के मामले में मित्तल और दो अन्य आरोपितों को अगले दो सप्ताह तक गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की है।

यह मामला हैदराबाद की एक महिला की शिकायत से जुड़ा है। उसने आरोप लगाया था कि पोर्टल पर एक फर्जी प्रोफाइल के जरिये उससे 11 लाख रुपये की ठगी की गई। महिला का तर्क था कि यह प्लेटफार्म यूजर से जुड़े विवरणों को सत्यापित करने में विफल रहा।

## कर्नाटक विधानसभा में पेश 'वीबी जी राम जी' रद करने का प्रस्ताव, कांग्रेस सरकार ने मनरेगा को वापस लाने की मांग की



बेंगलुरु।

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें केंद्र से नए ग्रामीण रोजगार कानून 'वीबी जी राम जी' अधिनियम को तुरंत रद करने और यूपीए शासनकाल के मनरेगा को उसकी मूल स्थिति में पुनर्स्थापित करने की मांग की गई। भाजपा ने इस प्रस्ताव का जमकर विरोध किया है। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के मंगलवार को पेश किए प्रस्ताव में कहा गया कि 'वीबी जी राम जी' अधिनियम, जिसे केंद्र ने 'एकतरफा' तरीके से लागू किया है, ये संघीय मूल सिद्धांतों और ग्रामीण लोगों के आजीविका के अधिकार के लिए हानिकारक है।" प्रस्ताव में कहा गया, "कर्नाटक के ग्रामीण लोगों के जीवन के अधिकार की रक्षा के लिए, यह सदन केंद्र सरकार से आग्रह करता है कि वह विकसित भारत-रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी राम जी) अधिनियम को तुरंत रद करें, जो संघीय सिद्धांत के खिलाफ है। ये राज्य के खजाने पर बड़ा बोझ है और विकेंद्रीकरण के सिद्धांत के खिलाफ है। ग्राम पंचायतों के अधिकारों और शक्तियों को छीन लेता हैं और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को उसकी मूल स्थिति में पुर्नस्थापित करे, जिसने ग्रामीण संपत्ति निर्माण और गरीबों की आत्मनिर्भरता में योगदान दिया है।" भाजपा के नेता आर. अशोक के नेतृत्व में भाजपा के सदस्यों ने तुरंत इसका विरोध किया और कहा, "सदन का विरोध मत कहो, कहो कांग्रेस सरकार का विरोध है। हमें इसमें भागीदार मत बनाओ।"

## इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा से ऑटो पार्ट्स तक... अमेरिकी बाजार में भारतीय निर्यात का पूरा गणित



नई दिल्ली।

इलेक्ट्रानिक्स, फार्मा, एपीआई, रिफाइंड लाइट ऑयल, किताब, प्लास्टिक, कंप्यूटिंग गियर नेचुरल रबर व कुछ ऑटो पार्ट्स को को मिलाकर लगभग 40 अरब डॉलर के निर्यात पर पारस्परिक शुल्क के पहले के समय वाले मामूली शुल्क लगते हैं। विभिन्न प्रकार के रोजगार परक सेक्टर के 30 अरब डॉलर के निर्यात पर 50 प्रतिशत का शुल्क है वहीं 15 अरब डालर के निर्यात पर भी 50 प्रतिशत का शुल्क है, लेकिन इनमें स्टील, एल्युमीनियम जैसे आइटम है जिन पर अमेरिका ने सभी देशों के लिए 50 प्रतिशत का शुल्क लगा रखा है।

## बेंगलुरु में महिला पर रॉटवीलर कुत्ते ने किया हमला, लगे 80 से अधिक टांके




**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में 31 वर्षीय एक महिला पर रॉटवीलर नस्ल के कुत्ते ने हमला कर दिया। इस हमले में महिला के चेहरे और गर्दन पर गंभीर चोटें आईं हैं। घायल महिला की लगभग आठ घंटे लंबी सर्जरी की गई। इस मामले में पुलिस ने इसके मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना 26 जनवरी को तब हुई, जब एचएसआर लेआउट के टीचर्स कालोनी में रहने वाली शालिनी दुबे सुबह अपने घर के पास टहलने के लिए निकली थीं। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज में कुत्ते को सड़क पर महिला की ओर दौड़ते हुए, उन्हें नीचे गिराते और उनके चेहरे और गर्दन पर बार-बार काटते हुए देखा गया है। महिला के परिवार ने आरोप लगाया कि कुत्ते के मालिक ने उसे बिना पट्टे के सड़क पर खुला छोड़ दिया था। कुत्ते के मुंह पर किसी प्रकार का कोई कवर भी नहीं लगा था। शालिनी के पति सत्य प्रकाश दुबे ने बताया कि इस हमले में शालिनी को चेहरे, गले और सिर पर गहरी चोटें आई हैं। उन्हें 80 से अधिक टांके लगे हैं। उनकी सर्जरी आठ घंटे तक चली। वह अभी अस्पताल में भर्ती हैं। सत्य प्रकाश ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी को सुबह 6.50 बजे जब शालिनी टहल कर वापस आ रही थी।

## ग्रीस में बड़ा हादसा


# तटरक्षक जहाज और प्रवासियों की नाव में भीषण टक्कर, 14 की मौत, कई लापता



रॉयटर, एथेंस।

ग्रीस के एजियन सागर में चियोस द्वीप के पास मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। तुर्की के तट से प्रवासियों को लेकर आ रही एक छोटी नाव की टक्कर ग्रीक तटरक्षक बल के गश्ती जहाज से हो गई, जिसमें कम से कम 14 प्रवासियों की मौत हो गई है। तटरक्षक बल के अधिकारियों के अनुसार, यह घटना तब हुई जब उन्होंने चियोस की ओर बढ़ रही एक संदिग्ध नाव को देखा और उसे वापस लौटने का निर्देश दिया। अधिकारी का दावा है कि तस्करों ने जानबूझकर नाव का रुख तटरक्षक पोत की ओर मोड़ दिया, जिसके कारण दोनों के बीच भीषण टक्कर हो गई। हालांकि, स्वतंत्र रूप से अभी इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि टक्कर की वास्तविक वजह क्या थी। अब तक 24 प्रवासियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। हादसे में तटरक्षक बल के दो अधिकारी भी घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है नाव पर सवार प्रवासियों की राष्ट्रीयता का अभी पता नहीं चल पाया है प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नाव पर करीब 30 से 35 लोग सवार थे। वर्तमान में लापता लोगों की तलाश के लिए एक व्यापक खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इस ऑपरेशन में तटरक्षक पोतों के साथ-साथ निजी नौकाएं और पेशेवर गोताखोर भी जुटे हुए हैं।

## सिंगापुर पर्यटन में भारत का जलवा: 2025 में 12 लाख से अधिक भारतीय पहुंचे, पर्यटन राजस्व में 5% की उछाल



नई दिल्ली।

सिंगापुर पर्यटन बोर्ड (एसटीबी) द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 भारतीय पर्यटकों के लिए एक रिकॉर्ड वर्ष साबित हुआ है। सिंगापुर ने बीते वर्ष भारत से 12 लाख से अधिक पर्यटकों की मेजबानी की, जो 2024 की तुलना में लगभग एक प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है एसटीबी के क्षेत्रीय निदेशक (भारत, मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और अफ्रीका) मार्कस टैन ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा, ?वर्ष 2025 हमारे लिए एक मील का पत्थर रहा क्योंकि हमने भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। दस लाख से अधिक भारतीयों का आगमन हमारे गंतव्य के प्रति बाजार के अटूट विश्वास को दशार्ता है। भारतीय बाजार से राजस्व: भारत से पर्यटन राजस्व 1.17 बिलियन सिंगापुर डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5% अधिक है। वैश्विक प्रदर्शन: सिंगापुर में कुल अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों की संख्या 16.9 मिलियन तक पहुंच गई (2.3% की वृद्धि)। रिकॉर्ड राजस्व: वैश्विक पर्यटन राजस्व शुरूआती तीन तिमाहियों में ही 23.9 बिलियन सिंगापुर डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# संभलकर निकलें... कोहरे से थम गया दिल्ली-यूपी



नई दिल्ली।

उत्तर भारत इन दिनों मौसम के दोहरे हमले से जूझ रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश हो रही है, जबकि मैदानी इलाकों में घना कोहरा और ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में सुबह के समय विजिबिलिटी शून्य तक सिमट गई, जिससे सड़क हादसे बढ़ गए हैं। दिल्ली-एनसीआर और यूपी में आज सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जहां दृश्यता 50 मीटर से भी कम रही। कई जगहों पर कोहरे के कारण वाहन चालकों को सामने दिखाई नहीं देने से टक्करें हुईं, खासकर हाईवे और ग्रामीण सड़कों पर। मौसम विभाग ने दिल्ली, यूपी, पंजाब और हरियाणा के लिए घने से बहुत घने कोहरे का ऑरेंज/रेड अलर्ट जारी किया है, जो 5 फरवरी तक जारी रह सकता है। इससे ट्रेनों, फ्लाइटों और सड़क यातायात पर भारी असर पड़ रहा है। राजस्थान में भी न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में घना कोहरा छाया है, जबकि ठंडी हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित किया है। आईएमडी के अनुसार, पूर्वी राजस्थान में हल्की बारिश के साथ तापमान में और गिरावट आ सकती है। वहीं, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर जारी है। ऊंचाई वाले इलाकों जैसे मनाली, गुलमर्ग, रोहतांग, कुल्लू और लाहौल-स्पीति में ताजा बर्फबारी हुई है, जहां 5-15 सेमी तक बर्फ जमा हो गई। गुलमर्ग में तापमान माइनस 6-8 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि कई हाईवे फिसलन भरे होने से बंद हो गए।

## संपादक की कलम से

# संसद में अनछपी किताब

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी। परंपरा रही है कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में सरकार की जिन नीतियों, कार्यक्रमों और प्राथमिकताओं का उल्लेख किया है, सांसद उन पर चर्चा करते हैं। आलोचना भी करते हैं। विपक्ष का एजेंडा कुछ अलग भी हो सकता है। याद करें, जब केंद्र में कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव सरकार थी और अटल बिहारी वाजपेयी नेता प्रतिपक्ष थे। तब अटल जी ने राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में ही, बहस के दौरान, चीन का मुद्दा आक्रामक अंदाज में उठाया था और सरकार की भत्र्सना तक की थी। जब प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस और यूपीए सरकार थी, तब लालकृष्ण आडवाणी नेता प्रतिपक्ष थे। उन्होंने भी चीन के साथ सीमा–विवाद, सुरक्षा–विवाद और सैन्य तनावों का जिक्र करते हुए मनमोहन सरकार की तीखी आलोचना की थी। भारत–चीन संबंधों, टकरावों और विवादों पर संसद में बोलना वर्जित नहीं है। यह सांसदों की संवैधानिक आजादी है कि वे कौनसा मुद्दा उठाते हैं। हालांकि संसद के दोनों सदन–लोकसभा और राज्यसभा–निश्चित नियमों में बंधे हैं। लोकसभा के नियम 349 (1) के तहत सांसद किसी भी किताब, पत्रिका, अखबार को उद्धृत नहीं कर सकते, जब तक वे उद्धरणों को सत्यापित नहीं करते। नियम 353 के तहत, यदि सांसद को इसी आधार पर अपनी बात कहनी है, तो वह स्पीकर और संबद्ध मंत्री को पहले नोटिस देगा। स्पीकर ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उद्धरणों के संदर्भ में इन नियमों का बार–बार हवाला दिया। स्पीकर ने नियमानुसार अपनी व्यवस्था भी दे दी, लेकिन नेता प्रतिपक्ष जिद पर अड़े रहे। सवाल करते रहे कि आखिर सरकार डरी हुई क्यों है? सरकार उनके वक्तव्य से असहज क्यों है? दरअसल नेता प्रतिपक्ष पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे द्वारा लिखित, लेकिन अभी तक अप्रकाशित किताब के कुछ अंश संसद में पढकर प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह को बेनकाब करना चाहते थे। राहुल गांधी जो वाक्य बोल पाए, उनमें डोकलाम टकराव का जिक्र सुनाई दिया, जबकि चीनी सेना के साथ तनाव, टकराव और युद्ध जैसे हालात पूर्वी लद्दाख में पैदा हुए थे। जून, 2020 को जो गलवान संघर्ष हुआ और हमारे 20 जांबाज सैनिक शहीद हुए, वह भी लद्दाख में हुआ था। जनरल नरवणे तब सेना प्रमुख थे और वह अप्रैल, 2022 तक इस पद पर रहे। गौरतलब है कि जनरल नरवणे की कथित आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी अभी तक प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन उसका हार्डकवर अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर उपलब्ध है। किताब के प्रकाशन की अनुमति देना सरकार का विशेषाधिकार है, क्योंकि पूर्व सेना प्रमुख की किताब राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारी युद्ध रणनीति से भी जुड़ी है। हमारा दुश्मन देश उन जानकारियों का नाजायज फायदा उठा सकता है। लिहाजा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की संसद में आपत्ति और हस्तक्षेप तार्किक था। उन्होंने स्पीकर से आग्रह किया कि नेता प्रतिपक्ष को इस विषय पर न बोलने दिया जाए, क्योंकि वह देश को गुमराह कर रहे हैं। राहुल गांधी के हाथ में दिल्ली प्रेस की पत्रिका कारवां की फोटोप्रति थी, जिसमें कुछ अंश छपे हैं। इससे पहले करीब दो साल पहले कुछ अंश द प्रिंट पत्रिका में छप चुके हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# ईमानदारी और आत्म सम्मान मानवीय जीवन के दो अनमोल हीरे मोती



गोंदिया

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार जैसे गलत स्त्रोतों से कमाए गए धन के परिणामों की करें तो हम इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया में भ्रष्टाचारियों के अनेक दुखद नकारात्मक परिणामों के बारे में पढ़ते सुनते रहते हैं परंतु मेरा यह निजी और व्यक्तिगत रूप से अपने साथियों दोस्त अफसरों के अनुभव की जानकारी रेखांकित किया हूं कि जो भ्रष्टाचार करता है वह अपने जीवन में कभी सुखी नहीं रहता उसके परिवार, बच्चे कुल में संकटों का पहाड़ किसी न किसी रूप में गिरता ही रहता है और सबसे बड़ी बात, कि मां लक्ष?मी चंचल होती हैं, यदि गलत तरीकों से धन कमाया गया तो मां लक्ष?मी नाराज होकर चली जाती हैं,अनैतिक तरीकों से चोरी, धोखे, अन?याय, जुआ आदि के जरिए कमाया गया धन हमेशा साथ नहीं रहता है। साथियो हमने देखे होंगे कि भ्रष्टाचारियों के पास धन अधिक समय तक नहीं रहता वह निकल जाता है सुबह नहीं तो शाम निकलता जरूर है जिसकी परिणति हम बड़े बड़े ऑफिसरों नेताओं ऊपर ईडी, आईटी, सीबीआई की रेड से करोड़ों रुपए के धन की बरामदगी के रूप में किससे मीडिया में देखते सुनते रहते हैं। साथियों बात अगर हम धन को बचाने की करें तो, धन कमाने से कई ज्यादा मुश्किल काम होता है धन को बचाकर रखना। कुछ लोग कम पैसे कमाने के बाद भी अपने लिए अच्छा खासा धन जोड़कर रख लेते हैं वहीं कुछ लोग बहुत पैसा कमाने के बाद भी ऐसा नहीं कर पाते।आचार्य चाणक्य ने अपनी नीतियों में धन से जुड़ी कई बातें बताई हैं। जिन्हें अपनाकर हम अपने धन को नष्ट होने से बचा सकते हैं। इन नीतियों से धन को इस्तेमाल करने का सही तरीका जाना जा सकता है। साथ ही इस बात की भी जानकारी मिल जाती है कि हम कैसे पैसों की बचत कर सकते हैं।साथियों बात अगर हम धन को लेकर 10 बातों की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में दी गई चाणक्य नीति के अनुसार (1)धन की बचत करना (2) धन का सकारात्मक सम्मान (3) समृद्धि के साथ रहवास (4) धन जीवन की परीक्षा बोधक है (5) धन का मोह नहीं करना चाहिए (6) धन का सम्मान करना चाहिए (7) बेवजह धन खर्च ना करनाचाहिए (8) धन के सम्मान संबंधी लक्ष्मी मां की परीक्षा (9) धन का दिखावा रोकना नवा सकारात्मक कौशल से धन का उपयोग स्वस्थ (10) स्वस्थ स्त्रोतों को से धन आगमनसूचक शैली अपनाना। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अन्यायोपार्जितं वित्तं दस वर्षाणि तिष्ठति।प्राप्ते चैकादशेवर्षे समूलं तद् विनश्यति।।ईमानदारी और आत्म सम्मान मानवीय जीवन के दो अनमोल हीरे मोती हैं। भ्रष्टाचार फरेब अन्याय धोखे सहित गलत स्त्रोतों से कमाया गया धन बीमारी दुख कलेश के माध्यमों से ब्याज सहित परिवार कुल का नाश करते हुए निकल जाता है।

सृष्टि रचनाकर्ता ने सृष्टि में मानवीय जीव की रचना कर उसके मस्तिष्क में बौद्धिक क्षमता रूपी खान का ऐसा अणखुट खजाना भर दिया है जिसमें अन्य 84 लाख योनियों को अलग रखा और यह जीव मानवीय योनि में जन्म लेकर अपने परिवार मोहल्ले समाज शहर के खूबसूरत माहौल में अपना बचपन बिताता है तो उसे हमारे बड़े बुजुर्ग ईश्वर अल्लाह का रूप मानतेहैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं और यह सर्वविदित भी है कि बच्चे झूठ, फरेब, बेईमानी इत्यादि अवगुणों से दूर स्वच्छ, स्वस्थ वातावरण में अपना बालपन जीवन व्यतीत करते हैं जब बचपन से निकलकर बौद्धिक समझदारी में आते हैं उन्हें आकर्षित करने वाली अनेक चीजों में से एक धन है !जिसकी चाहना बल्यपन से निकलने पर ही आने लगती है और यहीं से कुदरत द्वारा दी गई अद्भुत अनमोल बौद्धिक क्षमता पर भ्रष्टाचार और लालच की नकारात्मक सोच हमला करती है जिसनें उसे ईमानदार और आत्म सम्मान रूपी अस्त्र से इन अवगुणों को काट दिया उसका संपूर्ण जीवन सफल हो जाता है और जो इसके घेरे में आ गया वह परिवार कुल सहित दुखों का भागीदारी बन जाता है जिसका मूल कारण गलत स्त्रोतों से कमाया गया धन है !,इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से भ्रष्टाचार फरेब अन्याय धोखे सहित गलत स्त्रोतों से कमाए गए धन के दुखद परिणामों और ईमानदारी आत्म सम्मान से लाभकारी परिवारों की चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम गलत स्त्रोतों से कमाए गए धन की करें तो श्लोकों में आया है। अन्यायोपार्जितं वित्तं दस वर्षाणि तिष्ठति।प्राप्ते चैकादशेवर्षे समूलं तद् विनश्यति।।

अर्थ- अन्याय या गलत तरीके से कमाया हुआ धन दस वर्षों तक रहता है। लेकिन ग्यारहवें वर्ष वह मूलधन सहित नष्ट हो जाता है।अन्यायोपार्जितं वित्तं दस वर्षाणि तिष्ठति।

प्राप्ते चैकादशेवर्षे समूलं तद् विनश्यति।।...आचार्य चाणक्य अपने इस श्लोक में कहते हैं कि ऐसे गलत तरीकोंसे कमाया गया पैसा बमुश्किल 10 साल तक ही रहता है, इसके बाद 11वें वर्ष से ही ऐसा पैसा धीरे-धीरे नष्ट होने लगता है, इसलिए व्यक्ति को कभी भी अनैतिक तरीके से पैसा नहीं कमाना चाहिए क्योंकि उसे बुरे कर्मों का फल भी झेलना पड़ता है और कुछ समय बाद ऐसे धन नष्ट भी हो जाता है, फिर चाहे वजह कोई दुर्घटना, बीमारी, नुकसान या अन्य कारण हो। बेहतर होगा कि ईमानदारी से पैसा कमाएं और उसका एक हिस्सा दान में दें, इससे आपके घर में हमेशा बरकत रहेगी और आप दिन-दूनी रात-चौगुनीतरक्की करेंगें। साथियों बात अगर हम चाणक्य नीति की करें तो, उसके अनुसार पापकर्म द्वारा या किसी को कष्ट और क्लेश पहुंचाकर कमाया पैसा अभीशापित होकर मनुष्य का नाश कर देता है। इस धन के प्रभाव से सज्जन पुरुष भी पाप की और बढ़ने लगते हैं। इसलिए ऐसे पैसों से बचना चाहिए, वरना जल्दी ही कुल सहित उस इंसान का नाश हो जाता है। आचार्य चाणक्य बताते हैं कि ऐसा धन दस साल से ज्यादा नहीं टिक पाता। उसके बाद दुगना खर्चा बीमारी या नुकसान होकर ऐसा पैसा चला जाता है।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार जैसे गलत स्त्रोतों से कमाए गए धन के परिणामों की करें तो हम इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया में भ्रष्टाचारियों के अनेक दुखद नकारात्मक परिणामों के बारे में पढ़ते सुनते रहते हैं परंतु मेरा यह निजी और व्यक्तिगत रूप से अपने साथियों दोस्त अफसरों के अनुभव की जानकारी रेखांकित किया हूं कि जो भ्रष्टाचार करता है वह अपने जीवन में कभी सुखी नहीं रहता उसके परिवार, बच्चे कुल में संकटों का पहाड़ किसी न किसी रूप में गिरता ही रहता है और सबसे बड़ी बात, कि मां लक्ष्मी चंचल होती हैं, यदि गलत तरीकों से धन कमाया गया तो मां लक्ष्मी नाराज होकर चली जाती हैं, अनैतिक तरीकों से चोरी, धोखे, अन्याय, जुआ आदि के जरिए कमाया गया धन हमेशा साथ नहीं रहता है। साथियो हमने देखे होंगे कि भ्रष्टाचारियों के पास धन अधिक समय तक नहीं रहता वह निकल जाता है सुबह नहीं तो शाम निकलता जरूर है जिसकी परिणति हम बड़े बड़े ऑफिसरों नेताओं ऊपर ईडी, आईटी, सीबीआई की रेड से करोड़ों रुपए के धन की बरामदगी के रूप में किससे मीडिया में देखते सुनते रहते हैं। साथियों बात अगर हम धन को बचाने की करें तो, धन कमाने से कई ज्यादा मुश्किल काम होता है धन को बचाकर रखना। कुछ लोग कम पैसे कमाने के बाद भी अपने लिए अच्छा खासा धन जोड़कर रख लेते हैं वहीं कुछ लोग बहुत पैसा कमाने के बाद भी ऐसा नहीं कर पाते।आचार्य चाणक्य ने अपनी नीतियों में धन से जुड़ी कई बातें बताई हैं। जिन्हें अपनाकर हम अपने धन को नष्ट होने से बचा सकते हैं। इन नीतियों से धन को इस्तेमाल करने का सही तरीका जाना जा सकता है। साथ ही इस बात की भी जानकारी मिल जाती है कि हम कैसे पैसों की बचत कर सकते हैं।

साथियों बात अगर हम धन को लेकर 10 बातों की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में दी गई चाणक्य नीति के अनुसार (1)धन की बचत करना (2) धन का सकारात्मक सम्मान (3) समृद्धि के साथ रहवास (4) धन जीवन की परीक्षा बोधक है (5) धन का मोह नहीं करना चाहिए (6) धन का सम्मान करना चाहिए (7) बेवजह धन खर्च ना करनाचाहिए (8) धन के सम्मान संबंधी लक्ष्मी मां की परीक्षा (9) धन का दिखावा रोकना नवा सकारात्मक कौशल से धन का उपयोग स्वस्थ (10) स्वस्थ स्त्रोतों को से धन आगमनसूचक शैली अपनाना।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अन्यायोपार्जितं वित्तं दस वर्षाणि तिष्ठति।प्राप्ते चैकादशेवर्षे समूलं तद् विनश्यति।ईमानदारी और आत्म सम्मान मानवीय जीवन के दो अनमोल हीरे मोती हैं। भ्रष्टाचार फरेब अन्याय धोखे सहित गलत स्त्रोतों से कमाया गया धन बीमारी दुख कलेश के माध्यमों से ब्याज सहित परिवार कुल का नाश करते हुए निकल जाता है।

## उदय किशोर साह

## मिलन

## कविता



हँसीन हो जाती है फिजां की ये नजारा
मुस्कुराती है तब चमन की कलियाँ सारा
जब होता है तेरा मेरा। उपवन में मिलन
प्यार से रौशन हो जाता है। ये तपोवन

कल कल बहती है पहाड़ी से निकल नदियां
पागल सा दिखती है ये सजी धजी वादियां
सरगम की छेड़ देती है सातो स्वर की गान
पूरवाई भी कर रही मोहब्त की सम्मान

सूरज की किरणों का धरा पे है डाले डेरा
लाली से रंग गई है ये स्वर्णिम नई सवेरा
पक्षी की कलरव लगता है सुन्दर दिनमान
कितना पावन है देवभुमि का ये विधान

रूनझून तेरी पायलियॉ करती जब है शोर
जंगल में नाच रहा होता है मोरनी मोर
व्योम पे बादल की तन चुकी है बागडोर
क्या सूरज छिप जायेगा आसमां पे पोर पोर

चलो बैठ कर पीपल तले करते है कुछ बात
जो होगी हम दोनों के बीच वो बल्कुल ही खास
भले ही तन मन अपना हो भौतिक रूप से अलग
पर जियेगें तेरे साथ मरेगें तेरे साथ रहेगें सलग


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# राष्ट्रीय सुरक्षा और राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता



ललित गर्ग




नीति-निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा और संसदीय विमर्श जैसे गंभीर विषय किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं। संसद केवल सत्ता और विपक्ष के टकराव का मंच नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामूहिक विवेक और जिम्मेदार अभिव्यक्ति का सर्वोच्च स्थल है। ऐसे में जब राष्ट्रपति के अभिभाषण जैसे संवैधानिक और गरिमामय अवसर पर चर्चा चल रही हो, तब किसी भी नेता से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह शब्दों, संदर्भों और समय-तीनों के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरते। हालिया घटनाक्रम में लोकसभा में प्रतिनक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के कुछ अंशों का हवाला देकर चीनी सेना की कथित घुसपैठ को लेकर जो बयान दिया गया, उसने इसी अपेक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए। सरकार का आरोप रहा कि इस बयान ने लोकसभा को गुमराह करने का प्रयास किया, जबकि विपक्ष ने इसे सच दबाने की कोशिश बताकर पलटवार किया। परिणाम यह हुआ कि संसद की कार्यवाही बाधित हुई, तीखी बहस ने पूरे दिन का सत्र स्थगित करा दिया और राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र मूल मुद्दों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप बन गया। यह प्रश्न केवल एक वक्तव्य का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित की समझ का है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक वक्तव्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य होती है। सीमाओं से जुड़े तथ्य, सैन्य तैनाती, रणनीतिक आकलन-ये सब ऐसे विषय हैं जिन पर आधे-अधूरे संदर्भ या चयनित उद्धरण अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकते हैं। यही कारण है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इसे संसदीय नियमों के उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ बताया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा व्यवस्था देने के बावजूद यदि किसी नेता का अपने वक्तव्य पर अड़े रहना कार्यवाही को ठप कर दे, तो सवाल उठता है कि क्या उद्देश्य सच सामने लाना था या राजनीतिक लाभ साधना। विपक्ष का दायित्व सत्ता से सवाल करना है, यह लोकतंत्र का प्राण है। किंतु सवालों की भाषा, मंच और समय-तीनों लोकतांत्रिक मयार्दाओं से बंधे होते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का समय सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर समग्र विमर्श का होता है। उस दौरान सैन्य पुस्तकों के चयनित अंशों को राजनीतिक हथियार बनाना, वह भी बिना समुचित संदर्भ और संस्थागत प्रक्रिया के, स्वाभाविक रूप से विवाद को जन्म देता है। विपक्ष का यह कहना कि सरकार असहज प्रश्नों को दबाना चाहती है, एक परिचित एवं बेतूका राजनीतिक तर्क है; परंतु सरकार का यह कहना कि राष्ट्रीय सुरक्षा को राजनीतिक रंग देना अनुचित है, उतना ही वजनदार प्रतिवाद है। दोनों पक्षों के बीच संतुलन वहीं संभव है, जहां तथ्य, प्रक्रिया और समय का सम्मान हो। संसद के भीतर अप्रकाशित ह्यसंस्मरणह्ल के जिक्र पर विवाद होना स्वाभाविक है। क्योंकि संसदीय परंपराओं और स्थापित नियमों के अनुसार किसी भी सदस्य द्वारा संसद के पटल पर ऐसी प्रकाशित या अप्रकाशित पुस्तक, लेख या पत्रिका की सामग्री को प्रमाण के रूप में उद्धृत करना स्वीकार्य नहीं है, जिसे सदन के समक्ष औपचारिक रूप से प्रस्तुत (टेबल) न किया गया हो। विशेष रूप से ऐसी पुस्तकों या लेखों के अंश, जिनकी न तो संसदीय सत्यापन प्रक्रिया हुई हो और न ही जिन्हें सदन की अनुमति से अभिलेखित किया गया हो, उन्हें तथ्यात्मक प्रमाण मानना संसदीय मयार्दा के विरुद्ध है। इस दृष्टि से राहुल गांधी द्वारा किसी अप्रकाशित पुस्तक के अंशों को सीधे उद्धृत कर उन्हें नीतिगत या राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अंतिम सत्य के रूप में प्रस्तुत करना न केवल संसदीय नियमों की अवहेलना है, बल्कि इससे सदन की गरिमा और कार्यवाही की विश्वसनीयता भी आहत होती है। राहुल गांधी केवल कांग्रेस के नेता ही नहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। कम से कम राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में तो उन्हें भारतीय सेनाओं के नैरेटिव के साथ खड़े होना चाहिए। दुर्भाग्य से वे ऐसा नहीं करते। वे चीन और पाकिस्तान को लेकर मोदी सरकार को तो घेरते हैं, लेकिन यह स्मरण नहीं रखते कि इन दोनों देशों ने भारतीय भूभाग पर तब अतिक्रमण किया, जब कांग्रेस सत्ता में थी। गलवान में चीनी सेना के साथ खूनी टकराव के मामले में तत्कालीन सेनाध्यक्ष की अप्रकाशित पुस्तक के कथित अंश का जैसा उल्लेख राहुल गांधी ने किया, उस पर हंगामा होना ही था। आखिर जो पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका उल्लेख राहुल कैसे कर सकते हैं? राहुल गांधी का आरोप कि मोदी सरकार ने चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये पर साहस नहीं दिखाया, बेबुनिया एवं भ्रमित करने वाला आरोप है। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने यह कहने की कोशिश की हो कि प्रधानमंत्री मोदी चीन का डटकर मुकाबला करने से बचते हैं। वे मोदी सरकार को कमजोर दिखाने के लिए यह भी कहते रहे हैं कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। वे यहां तक कह चुके हैं कि चीनी सेना ने भारतीय सैनिकों की पिटाई की थी। इसके लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट की फटकार भी सुननी पड़ी थी। इसके बाद भी वे यह समझने के लिए तैयार नहीं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सतही आरोपों के आधार पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। जबकि सच्चाई यह है और सब जानते हैं कि गलवन में चीनी सेना को करारा जवाब मिला था और इसी कारण वह वार्ता की मेज पर आया और लद्दाख में कई इलाकों में यथास्थिति कायम हो पाई। कांग्रेस की भूमिका पर भी गंभीर आत्ममंथन आवश्यक है। एक समय देश को नेतृत्व देने वाली पार्टी आज बार-बार ऐसे प्रसंगों में उलझती दिखती है, जहां बयानबाजी मुद्दों पर भारी पड़ जाती है। राहुल गांधी एक प्रभावशाली वक्ता हैं, जनभावनाओं को छूने की क्षमता रखते हैं और युवाओं में संवाद स्थापित कर सकते हैं। किंतु यही कारण है कि उनसे अधिक जिम्मेदारी की अपेक्षा भी की जाती है। बार-बार ऐसे मुद्दे उठाना जिन्हें सत्ता पक्ष राष्ट्रीय एकता के लिए घातक बताता हो, कांग्रेस की छवि को गैर-जिम्मेदार विपक्ष के रूप में मजबूत करता है। यह धारणा चाहे पूरी तरह सही न हो, लेकिन राजनीति में धारणा भी उतनी ही प्रभावशाली होती है जितना तथ्य। तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो परिपक्व लोकतंत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा पर बहस के लिए अलग-अलग संसदीय समितियां, बंद सत्र और संस्थागत प्रक्रियाएं होती हैं। सार्वजनिक मंचों पर बयान देते समय नेता प्रायः संकेतों और नीतिगत प्रश्नों तक सीमित रहते हैं, विस्तृत सैन्य विवरणों से परहेज करते हैं। भारत में भी ऐसी परंपरा विकसित होनी चाहिए, जहां विपक्ष सरकार से जवाबदेही मांगे, परंतु सेना और सुरक्षा संस्थानों की साख को राजनीतिक संघर्ष का अखाड़ा न बनाया जाए। यही संतुलन लोकतंत्र को मजबूत करता है। लेकिन राहुल गांधी पूर्व में भी सैन्य बयानों से न केवल सुरक्षा के लिये खतरा बनते रहे हैं बल्कि हमारे जवानों के मनोबल को भी आहत करते रहे हैं। यह भी सच है कि सरकार को पारदर्शिता से घबराना नहीं चाहिए।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड और आवास किया आवंटित

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम कई परिवारों के लिए नई उम्मीद की किरण बनकर उभरा। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए न केवल पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से सुना, बल्कि स्वास्थ्य और छत की समस्या से जूझ रहे परिवारों को मौके पर ही बड़ी राहत प्रदान की। जनता दर्शन के दौरान सदर तहसील के शिव विहार कॉलोनी निवासी राजेश अपनी वृद्ध माता मुन्नी देवी के साथ जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया तथा राजेश ने अपने पुत्र रघुवीर यादव की दिल की गंभीर बीमारी और आर्थिक तंगी का हवाला दिया, जिसपर जिलाधिकारी ने मौके पर ही राजेश और उनकी माता मुन्नी देवी एवं रघुवीर के दिल के इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए। इससे अब रघुवीर का इलाज निःशुल्क और बेहतर चिकित्सा संस्थान में हो सकेगा। परिवार के आवासीय संकट को देखते हुए उन्होंने काशीराम आवास भी आवंटित किया, जिससे परिवार की घर की समस्या दूर हो गई। इसके अतिरिक्त सदर तहसील के ग्राम पंजाबनगर निवासी राकेश और उनकी पुत्री रितिका को भी बड़ी राहत मिली। रितिका पिछले कई दिनों से अपने उपचार को लेकर परेशान थी और पूर्व में भी जनता दर्शन में आई थी। जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए उन्हें भी आयुष्मान कार्ड सौंपे, ताकि शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का सीधा लाभ उन्हें मिल सके। जनता दर्शन में स्वास्थ्य, आवास, राशन कार्ड और चकबंदी जैसे जनहित के कई मामले आए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का समाधान फाइलों में नहीं, धरातल पर दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल शिकायत का निस्तारण ही काफी नहीं, शिकायतकर्ता की संतुष्टि अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। जनता दर्शन में आने वाला हर फरियादी मुस्कुराते हुए वापस लौटे।



# भारतीय मीडिया महासंघ उत्तर प्रवेश ₹संगठन हमारी जान है, मिलकर हग तूफान है भारतीय मीडिया महासंघ उत्तर प्रदेश आगरा




**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

आगरा में लोकेशन अग्रवाल चार्ट भंडार बुंडू कटरा आगरा आज बात करनी है संगठन को लेकर भारतीय मीडिया महासंघ संगठन एक ऐसा संगठन जो कि पत्रकारों के हित के लिए बना है संगठन की पदाधिकारी में से मुख्य रूप से संजय कुमार शर्मा, लक्की दिवाकर, कृष्ण कुमार गोयल, चंद्रपाल सिंह, प्राण, नितिशा कुमारी, अजय यादव, करनं कुमार मौर्य, जिला अध्यक्ष सनी कुमार, राकेश कुमार दिवाकर आदि सभी ने संगठन के प्रति अपने-अपने विचार विमर्श किया और एकजुट होकर यह अहवानं किया कि संगठन हमारी जान है मिलकर हम तूफान है।

# नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज मे द्वितीय दिवस पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के नजीबाबाद मे स्थित नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज मे द्वितीय दिवस का पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे चेयरमैन मुअज्जम इंजीनियर नगर पालिका नजीबाबाद के उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्टेप ग्राउंड में वृक्षारोपण किया गया। इसके साथ ही भारत बैंकट हॉल से स्टेप ग्राउंड तक एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय की प्रधानाचार्या शबाना परवीन ने अपने संबोधन में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम अधिकारी गजाला मुमताज ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है। रैली को सफल बनाने में विद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। और कहा आज नहीं तो फिर कभी नहीं रैली की सफलता में शिक्षिकाओं शगुफ्ता नाज, मेहरीन नसरीन एवं विनोद कुमारी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और इस प्रकार यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।

# माननीय प्रभारी मंत्री जिला बिजनौर श्री कपिल देव अग्रवाल ने बजट के संबंध में प्रेस प्रतिनिधियों से की वार्ता

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर के माननीय प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश श्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में पत्रकार बंधुओं से बजट के विषय पर प्रेस से वार्ता की गई। उन्होंने बजट के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा बजट-2026 का मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था उत्पादकता और ग्लोबल कंपीटिटिवनेस को बढ़ाकर आर्थिक विकास को तेज और टिकाऊ बनाना, देश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना, उन्हें समृद्ध बनाना तथा सबका साथ सबका विकास के विजन को साकार करना है ताकि हर क्षेत्र और समुदाय को अवसर प्राप्त हों। इस अवसर भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला सहित जन प्रतिनिधिगण एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रेस प्रतिनिधि मौजूद थे।

# दहेज को लेकर हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर मंडावर तीन दिन पहले मां को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष किया था पेश। थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर देवमल मे शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों मे एक महिला का शव कमरे मे फांसी के फंदे पर लटका मिला सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही महिला के मायके वालो ने पति सहित अन्य सुसराल पक्ष के लोगो पर दहेज के लिए महिला की हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने मे तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की थी। थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव ज्वाला चंडी निवासी हरवीर सिंह ने बताया था कि उन्होंने अपनी पुत्री दामिनी उर्फ सोनी की शादी दो वर्ष पूर्व 17 जनवरी 2024 को पूरी रिति रीवाज के साथ थाना मंडावर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर देवमल निवासी अभिषेक पुत्र मुन्नू के साथ की थीं। उन्होंने अपनी हैसियत के मुताबिक अभिषेक की मांग पर दहेज मे शिफ्ट कार व अन्य सामान दिया था। लेकिन अभिषेक दहेज मे दी शिफ्ट कार से खुश नहीं था ओर वह स्कॉर्पियो की मांग करने लगा था।जिसके बाद वह स्कॉर्पियो लेने के लिए दामिनी पर मायके से पांच लाख रुपए लाने का दवाब बनाने लगा था।दामिनी के पिता हरवीर सिंह ने दामिनी के पति अभिषेक, ससुर मुन्नू, सास रेखा व देवर भूरे पर दामिनी की हत्या करने का आरोप लगाया था।थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने तहरीर के आधार पर मृतक महिला के पति सहित सास, ससुर व देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई थी। जिसमे रविवार को पुलिस ने रेखा पत्नी मुन्नु को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया था।

# नशाखोरी और शराब पीना इंसानियत के लिए तबाही- मौलाना मोहम्मद साजिद



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** सेमरियावा ब्लाक क्षेत्र के भाटपारा (बलईपुर) स्थित मदरसा अरबिया मकसूदुल इस्लाम पर देर रात वार्षिकोत्सव तथा पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना जहीर अनवर कासमी तथा संचालन मुफ्ती अब्दुल वाहिद कासमी ने किया। मुख्यातिथि हजरत मौलाना साजिद साहब रामपुरी साहब ने कहा कि बच्चों को नशाखोरी से बचाना माता-पिता की जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि युवाओं को बिगड़ते हालात को बचाने की जिम्मेदारी के लिए आगे आना होगा तथा समाज और मुल्क का नेतृत्व करना होगा ताकि बेहतर समाज की स्थापना हो।इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजिक बुराईयों से लोगों को बचाइये।इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट्स बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया।विद्यालय के बच्चों द्वारा स्कूल का मॉडल, ताजमहल, मस्जिद अक्सा, झरना, अस्पताल आदि का आदि का मॉडल बनाया गया।इस दौरान तीन बच्चों को कुरान पाक कंठस्थ करने पर सम्मानित किया गया। मुख्यरूप से इस दौरान? मदरसे के प्रबंधक डॉ मंसूर अहमद, वरिष्ठ नेता मोहम्मद अहमद, मुफ्ती असदुल्लाह, डॉ अरशद कासमी, मुफ्ती मोहम्मद सईद मजाहिरी, मौलाना निजामुद्दीन कासमी, मौलाना तौसीफ, मौलाना अजीज, कारी अहमद, औमेर बलरामपुरी तथा मौलाना मोहम्मद ओसामा समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# खराब पड़ी लाईटों को तुरंत ठीक कराएं: प्रदीप यादव

**वेलकम इंडिया**




**सहारनपुर।** नगर निगम में आज जनसुनवाई के दौरान आयी सात समस्याओं में से सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया। जबकि लाईट सम्बंधी तीन समस्याओं को तुरंत लाईट ठीक कराने को कहा गया। अन्य समस्याओं के लिए भी सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

वार्ड 35 स्वतंत्र नगरी के संजीव गोयल ने स्वतंत्र नगरी में नालियों की सफाई तथा वार्ड 33 शक्ति पैट्रोल पम्प दिल्ली रोड के सामने साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव ने सम्बंधित सफाई निरीक्षक व सफाई मित्रों को भेजकर सफाई कराते हुए समस्याओं का निस्तारण करा दिया।

इसके अलावा वार्ड 58 सरार्फा बाजार के आशीष सैनी ने सरार्फा बाजार में वार्ड 55 चंद्रनगर के प्रदीप वर्मा ने चंद्रनगर में वार्ड 46 तोता चौक के संजीव गोयल ने न्यू राघवपुरम गेट के पास खराब लाईटों को ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर अपर नगरायुक्त ने अवर अभियंता प्रकाश को उक्त लाईटों को तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए। वार्ड 18 लेवर कॉलोनी के संजीव कुमार ने शिव मंदिर के पास आवारा कुत्तों को पकड़वाने और वार्ड 16 नवीन नगर निवासी उमेश सचदेवा ने भी आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की। जिस पर निगम के पशु चिकित्साधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में निगम के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# गुरु रविदास जी भक्ति आंदोलन के महान संत कवि थे- मोहम्मद हनीफ खान

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के करमा खान में संत रविदास की जयंती श्रद्धा और उल्लास पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सेमरियावा ब्लाक के गांव करमा खान में संत रविदास जयंती भक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत करमाखान के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद हनीफ खान ने पहुंचकर लोगों को संत रविदास जयंती की शुभकामनायें दीं। इस दौरान ग्राम पंचायत करमाखान के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद हनीफ खान ने कहा कि गुरु रविदास जी (14वीं-15वीं सदी) भक्ति आंदोलन के महान संत कवि थे, जिनका जन्म वाराणसी के पास हुआ और जो मोची का काम करते थे; उन्होंने जाति-पाति का खंडन कर सामाजिक समानता और निर्गुण ईश्वर की भक्ति का संदेश दिया, और उनके भजन गुरु ग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं, जिससे वे रविदासिया पंथ के संस्थापक और समाज सुधारक के रूप में पूजे जाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु रविदासजी मध्यकाल में एक भारतीय संत कवि सतगुरु थे। इन्हें संत शिरोमणि संत गुरु की उपाधि दी गई है। इन्होंने रविदासीया, पंथ की स्थापना की और इनके रचे गए कुछ भजन सिख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। इन्होंने जात पात का घोर खंडन किया और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद हनीफ खान. फैजान शालीमार. मोहम्मद कलीम. अब्दुल बाकी. मोहम्मद याकूब करम हुसैन. रजई प्रसाद. रामकृपाल. राजकुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बुलंदशहर में जाम से मिलेगी निजात, कई चौराहों और मार्गों का होगा चौड़ीकरण

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** आयुक्त मेरठ मंडल, मेरठ के निदेशानुसार जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से चिन्हित चौराहों पर जंक्शन इंप्रूवमेंट कराए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपाध्यक्ष बीकेडीए डॉ.अंकुर लाठर की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में विकास प्राधिकरण द्वारा जनपद के उन स्थलों की सूची प्रस्तुत की गई, जहां यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है और आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। खुर्जा नगर क्षेत्र में रायचंद गेट, पदम सिंह गेट गांधी रोड तथा जेवर अड्डे से थाना मार्ग तक मार्ग संकरा होने के कारण जाम की समस्या बनी रहती है, जिसके समाधान हेतु मार्ग चौड़ीकरण आवश्यक बताया गया। सिकंदराबाद कस्बे में दनकौर तिराहा पर मार्ग संकरा होने से बसों एवं अन्य भारी वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे कस्बे में जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं बुलंदशहर नगर क्षेत्र में काला आम से स्याना अड्डा, भूड चौराहे से अड़ौली तिराहा, महाराणा प्रताप तिराहे से चोला कट तथा शिकारपुर तिराहे से स्याना अड्डा तक की सड़कों के संकरे होने से यातायात प्रभावित रहता है। डीएवी पुल पर एक ही मार्ग होने के कारण वाहनों का अत्यधिक दबाव बना रहता है। जाम से निजात के लिए पुल पर मार्ग चौड़ीकरण के साथ डिवाइडर लगाने की आवश्यकता जताई गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी कार्य प्राथमिकता पर कराए जाएं।

# केंद्रीय बजट 2026 को भाजपा पदाधिकारियों ने सराहा, विकसित भारत की दिशा में बताया मील का पत्थर

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** केंद्रीय बजट 2026 की घोषणा के बाद संतकबीरनगर जिले में भी उत्साह का माहौल है। स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों ने इसे विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री अनवार आलम, भाजपा मंडल मंत्री ज़ियाउल हक सहित अन्य प्रमुख नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर बजट की सराहना की और इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बताया। विकास को मिलेगी नई गति जिला महामंत्री अनवार आलम ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट 2026 में ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए किए गए प्रावधान सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा। हर वर्ग के हितों का रखा गया ध्यान भाजपा मंडल मंत्री ज़ियाउल हक ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया यह बजट किसानों, महिलाओं और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया देवकी लघु वाटिका में बने मूगा रेशम फ्रूट प्लांट का निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



बागेश्वर, गोविन्द मेहता,मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी ने जनपद में संचालित विभिन्न कृषि, रेशम एवं लघु उद्योग आधारित गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण किया ।सबसे पहले सीडीओ आर सी तिवारी ने देवकी लघु वाटिका में बने मूगा रेशम फ्रूट प्लांट का निरीक्षण किया तथा मूंगा रेशम सहित विभिन्न प्रजातियों के विभिन्न औषधीय पौधों को देखा। वाटिका में विलुप्त प्रजाति के पौधों का संरक्षण देख उन्होंने वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा के पर्यावरण संरक्षण की अनुपम पहल की सराहना की और प्रत्येक व्यक्ति से भी पर्यावरण संरक्षण हेतु पुनीत भागीदारी करने की अपील की ।मुख्य विकास अधिकारी ने राजकीय रेशम फॉर्म बागेश्वर का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षक रेशम को निर्देशित किया गया कि राजकीय रेशम फॉर्म में मूगा रेशम के पौधों का रोपण प्राथमिकता से कराया जाए, जिससे रेशम उत्पादन को बढ़ावा मिल सके ।निरीक्षण के अगले चरण में विकासखंड बागेश्वर के नदीगांव स्थित ह्लगोदावरी धूप लघु उद्योगह्व का अवलोकन किया गया। वर्तमान में इस इकाई द्वारा 10 स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है। यहां निर्मित धूप की मार्केटिंग वैष्णो देवी, कैंची धाम, कौसानी, देहरादून, हल्द्वानी सहित विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने इस पहल की सराहना करते हुए स्थानीय उत्पादों के विपणन को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए ।इसके पश्चात सीडीओ तिवारी ने ग्राम सातरतवे का भ्रमण किया गया, जहां कृषि विभाग द्वारा जिला योजना के अंतर्गत मॉडल ग्राम विकसित किया जा रहा है ।यहां ग्रामीणों के साथ संवाद कर ग्रामीणों को सरकार द्वारा कर्षि बनिकी पशुपालन, उद्यानीकरण सहित काश्तकारों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु मिलने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने और उद्यमी काश्तकारो को आत्मनिर्भर बनाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा विभागीय स्तर पर मिलने वाली योजनाओं का लाभ देने हेतु हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया ।कहा कि गांव में बर्मी कंपोस्ट पिट, जियो लाइन टैंक, एकीकृत टैंक, घेरबाड़, फसल प्रदर्शन आदि कार्य प्रगति पर हैं ।उन्होंने मुख्य कृषि अधिकारी से सभी कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए ।इस दौरान ग्रामीण हरीश सिंह द्वारा संचालित पोल्ट्री फार्म तथा सेब बागान का भी निरीक्षण किया और उन्हें आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# रियल इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक समारोह धूमधाम से संपन्न

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** जनपद में अडूकी स्थित रियल इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सांस्कृतिक विविधताओं और देशभक्ति के जज्बे से सराबोर समारोह में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने अपनी प्रतिभाओं से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि आशना चौधरी, आईपीएस द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन गंगा प्रसाद प्रजापति सहित नीरज, पुनीत और चेतन प्रजापति ने अतिथियों का स्वागत किया। ?कार्यक्रम में विद्यालय के 700 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखने के लिए करीब 3000 दर्शकों की भीड़ उमड़ी। भारतीय संस्कृति और अध्यात्म को दशार्ती इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत इस प्रस्तुति को देखकर पंडाल में मौजूद लोग भावविभोर हो उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित नागरिक प्रदीप गोस्वामी, चिंताहरण, अनिल यादववंशी, अमरजीत, तपेश भारद्वाज और अन्य गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन हेमलता, वेदमती, कनक एवं प्रियंका द्वारा किया गया। ? ?विद्यालय के डायरेक्टर पुनीत प्रजापति ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए अनिवार्य हैं। वहीं, प्रधानाचार्या सिमर प्रजापति ने भविष्य में शिक्षा और संस्कृति के समन्वय को और अधिक सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर किया स्वागत



**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के बिहड़ा गांव के समीप नेशनल हाईवे पर मंगलवार की दोपहर में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का सपा कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया ।प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने बताया कि वह वाराणसी सपा अध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ लक्कड़ पहलवान की बेटी की शादी में शामिल होने जा रहे थे। शादी 5 फरवरी को होनी है, लेकिन उस दिन व्यस्तता के कारण वह आज ही बेटी को आशीर्वाद देने जा रहे थे ।इस दौरान स्वागत करने वालों में विधानसभा अध्यक्ष पाखंडी बिंद, महासचिव राजेश यादव, अमरनाथ यादव, प्रदेश सचिव यू.स. अमन यादव 'अन्नू भैया', अमृत लाल यादव और सियाराम केशरी, मुरारी बिन्द, राजेन्द्र मौर्या, जयप्रकाश श्रीवास्तव, महेंद्र यादव, आशा यादव सहित कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम और एसएसपी ने महाशिवरात्रि और होली पर्व को लेकर की बैठक

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में महाशिवरात्रि एवं होली के पर्वों के संबंध में बैठक ली। जिलाधिकारी ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में अभियान चलाकर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि 15 फरवरी 2026 तथा होली 4 मार्च 2026 के संबंध में सभी विभाग अपनी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बरसाना में 24 फरवरी को लड्डू होली तथा 25 फरवरी को लट्ठमार होली होगी। 26 फरवरी को नांदगांव में लट्ठमार होली होगी। 27 फरवरी को श्री कृष्ण जन्मस्थान मंदिर एवं श्री बांके बिहारी जी मंदिर में होली होगी। दिनांक 28 फरवरी को गोकुल में छड़ीमार होली, 3/4 मार्च को ग्राम फालैन में जलती हुई होली से पंडा का निकलना तथा 5 मार्च को दाऊजी जी का हुरंगा होगा। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए समस्त ट्रांसफार्मर एवं विद्युत के खंभों की प्लास्टिक रैपिंग करें तथा लटके हुए तारों को एकत्रित करे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि पर्वों के दृष्टिगत समस्त महत्वपूर्ण मार्गों पर एम्बुलेंस की सुविधा करे तथा आपातकालीन स्थिति हेतु हॉस्पिटल चिन्हित करे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुदृढ़ यातायात व्यवस्था हेतु एसपी यातायात को निर्देश दिए कि पर्वों से पूर्व रूट डाइवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए है ससमय अपने-अपने क्षेत्रों में पीस कमिटी की बैठक करें। त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन करते हुए सभी तैयारियों को दुरुस्त करें। 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत शिव मंदिरों पर भीड़ नियंत्रण के संबंध के समस्त उप जिलाधिकारी को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पर्व से पूर्व मंदिरों का निरीक्षण करें। उन्होंने नगर निगम एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को गड्ढामुक्त सड़क हेतु निर्देशित किया। प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुगम यातायात, सुरक्षा व्यवस्था आदि हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# किठौर पुलिस की बड़ी कार्यवाही: अवैध तमंचा और कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

मेरठ( जाकिर तुर्क संवाददाता )पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत किठौर थाना पुलिस ने एक सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी करते हुए एक शातिर बदमाश को अवैध हथियार के साथ धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी के पास से बत्तीस बोर का तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

? ?थाना प्रभारी प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मंगलवार सुबह करीब सवा नो बजे श्यामपुर रोड पर निमार्णाधीन फ्लाई ओवर और कॉलोनी के पास दबिश दी। पुलिस ने यहाँ से मोहम्मद परवेज उर्फ परवेज पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी मोहल्ला इस्लामाबाद को गिरफ्तार किया। आरोपी वर्तमान में श्यामपुर रोड स्थित धुन्नू के मकान में किराए पर रह रहा था। ?पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान तलाशी लेने पर कब्जे से एक नाजायज तमंचा बत्तीस बोर व एक जिंदा कारतूस

बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की तहत धारा में मामला पंजीकृत कर कोर्ट में पेशी किया।

# निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए खुशखबरी: अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश आवेदन की तिथि बढ़ी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** सहायक श्रमायुक्त कार्यालय, विकास भवन हापुड़ द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 फरवरी 2026 कर दिया गया है, जो पूर्व में 31 जनवरी 2026 निर्धारित थी ।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड से अनाथ हुए बच्चों (जिनका महिला एवं बाल विकास विभाग में पंजीयन हो) तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पात्र बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से मंडल स्तर पर अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई है। मेरठ मंडल का अटल आवासीय विद्यालय ग्राम कौन्दू, तहसील सिकन्द्राबाद, जनपद बुलंदशहर में स्थित है ।विद्यालय का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के ऐसे बच्चों को कक्षा 6 से 12 तक निःशुल्क, आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है जो उच्च शिक्षा के अवसरों से वंचित रह जाते हैं। यह विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध है। यहां छात्रों को छात्रावास, पौष्टिक भोजन, खेलकूद, चिकित्सा सुविधा, यूनिफॉर्म, बेडिंग, किताबें, स्टेशनरी एवं दैनिक उपयोग की सभी आवश्यक वस्तुएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही आधुनिक शिक्षा के लिए कंप्यूटर लैब, मैथ लैब, साइंस लैब और स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं भी मौजूद हैं ।शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-06 में 160 तथा कक्षा-09 में 65 छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। इच्छुक अभिभावक अब 15 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल ४स्त्रुङ्झ्६.ल्ल अथवा ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश पत्र 26 फरवरी 2026 से ऑनलाइन/ऑफलाइन प्राप्त किए जा सकेंगे तथा प्रवेश परीक्षा 08 मार्च 2026 को आयोजित होगी ।आयु सीमाःकक्षा-06 के लिए अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2014 से पहले तथा 31 जुलाई 2016 के बाद नहीं होना चाहिए ।कक्षा-09 के लिए अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2011 से पहले तथा 31 जुलाई 2013 के बाद नहीं होना चाहिए।

इच्छुक अभ्यर्थी सहायक श्रमायुक्त कार्यालय या अपने संबंधित ब्लॉक कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष मोबाइल नंबर 8218892348 एवं 7983251927 पर संपर्क किया जा सकता है।

# थाना जहाँगीर पुरी एसएचओ और स्टाफ द्वारा 05 लापता/अपहृत व्यक्तियों को खोज निकाला

**एहसान अंसारी**




**नई दिल्ली :** उतर पश्चिम जिला थाना जहाँगीर पुरी के स्टाफ के प्रयासों से सभी खोजे गए व्यक्तियों को परिवार के साथ खुशी-खुशी मिलाया गया

थाना जहाँगीर पुरी के स्टाफ ने सफलतापूर्वक 05 लापता/अपहृत व्यक्तियों को खोजा, जिनमें 02 नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं:

सभी खोजे गए व्यक्तियों को थाना जहाँगीर पुरी के स्टाफ के प्रयासों से उनके परिवार के साथ खुशी-खुशी मिलाया गया।

संक्षिप्त तथ्य: थाना जहाँगीर पुरी के क्षेत्राधिकार में लापता/अपहृत व्यक्तियों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। टीमों को थाना जहाँगीर पुरी के निरीक्षक नेतराम (इंस्पेक्टर, लॉ एंड ऑर्डर) द्वारा सहयोग प्रदान किया गया और वे थाना जहाँगीर पुरी के रल्डड, इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह के मार्गदर्शन तथा श्री योगेंद्र खोकहर (अउढ, जहाँगीर पुरी) के समग्र निर्देशन में कार्यरत रही। तुरंत कार्रवाई करते हुए टीमों को लापता व्यक्तियों को खोजने के लिए तैनात किया गया। टीम ने 05 लापता/अपहृत व्यक्तियों का सफलतापूर्वक पता लगाया, उन्हें सुरक्षित रूप से परिवार के पास पहुँचाया और इसमें समन्वित प्रयास, जमीनी सत्यापन और समय पर फॉलो-अप शामिल थे।

# राष्ट्रवीर निहाला सिंह का जन्म दिवस,साहस और राष्ट्रभक्ति की मिसाल दयाशंकर सिंह

**संदीप तिवारी**



**वाराणसी मिजार्मुराद।** सेवापुरी विकासखंड क्षेत्र के घोशीला गांव में सोमवार की दोपहर विद्यालय के संस्थापक राष्ट्रवीर स्व.ठाकुर निहाला सिंह की 119 वीं जयंती पर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने केडी कॉन्वेंट स्कूल के नवीन भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दयाशंकर सिंह ने राष्ट्रवीर निहाला सिंह को शिक्षा का सच्चा गुरु बताते हुए कहा कि उन्होंने समाज को शिक्षित और जागरूक बनाने का जो कार्य किया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार और शिक्षाएं आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा देने का कार्य करती रहेंगी। मंत्री दयाशंकर सिंह ने राष्ट्रवीर निहाला सिंह को भावनात्मक रूप से याद करते हुए कहा कि उनका जीवन त्याग और साहस राष्ट्रभक्ति का प्रतीक रहा है। उन्होंने समाज और देश के लिए जो बलिदान दिया, वह कभी भुलाया नहीं जा सकता और आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा ।लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए यूपी कॉलेज के पूर्व डीन एवं सेवापुरी के पूर्व प्रमुख डॉ तेग बहादुर सिंह ने अपने पिता राष्ट्रवीर ठाकुर निहाल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि राष्ट्रवीर निहाला सिंह के त्याग,साहस और राष्ट्रभक्ति को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवीर निहाला सिंह का जीवन देश और समाज के लिए समर्पित रहा। वे अपने विचारों और कर्मों से युवाओं को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा दी। उनका बलिदान और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक है। डॉ तेग बहादुर सिंह ने आगे कहा कि ऐसे महापुरुषों के विचारों को आत्मसात कर ही सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।

# शिक्षा से समाधान कार्यक्रम के जरिए गढ़मुक्तेश्वर में शिक्षा की अलख जगा रहे आशुतोष शर्मा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा पिछले लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास जैसे प्रमुख मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में उनके नेतृत्व में 19 दिसंबर 2025 से शिक्षा से समाधान कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत वे विभिन्न स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं से संवाद कर रहे हैं और उन्हें पाठ्य सामग्री वितरित कर रहे हैं ।आशुतोष शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का प्रथम चरण 31 मार्च 2026 तक चलेगा, जिसमें 5,000 छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 2,000 से अधिक छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है ।उन्होंने कहा कि गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में बालिका शिक्षा और साक्षरता दर प्रदेश की औसत साक्षरता दर से कम है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है। क्षेत्र के कई सरकारी स्कूलों की स्थिति ठीक नहीं है और बच्चों को पढ़ाई के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं, जिससे विद्यार्थियों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।आशुतोष शर्मा ने स्पष्ट कहा कि ऐसी शिक्षा व्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनका उद्देश्य है कि क्षेत्र के सभी छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं मिलें ताकि वे जीवन में आगे बढ़ सकें। इसके लिए उन्होंने शिक्षा बजट बढ़ाने और स्कूलों में मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई ।उन्होंने बताया कि उनकी टीम पिछले 10 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकताओं और समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा के प्रति जागरूक करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है ।आशुतोष शर्मा ने आगे कहा कि आने वाले समय में गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के प्रत्येक इंटर कॉलेज और स्कूल में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे और हर मंच से शिक्षा के मुद्दे को मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि 31 मार्च 2026 तक 5,000 छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित कर दी जाएगी, जिसके बाद दूसरे चरण में 10,000 छात्र-छात्राओं से संवाद और सामग्री वितरण का लक्ष्य रखा जाएगा।

# राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप का हुआ भव्य उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप का भव्य उद्घाटन समारोह उत्साहपूर्ण एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. मंजू सिवाच विधायक, मोदीनगर, सहदेव यादव (अध्यक्ष, भारतीय भारोत्तोलन महासंघ), सुश्री सबीना यादव (अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश भारोत्तोलन संघ), ओलंपियन एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सैखोम मीराबाई चानू तथा द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित विजय शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. मंजू सिवाच विधायक, मोदीनगर ने अपने प्रेरणादायक विचारों के माध्यम से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक मजबूती भी प्रदान करता है और युवा खिलाड़ियों को अनुशासन, आत्मविश्वास एवं राष्ट्र का गौरव बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष श्री सहदेव यादव ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएँ खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में देशभर से कुल 885 युवा, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह की शुरूआत एक शानदार आगाज के साथ हुई और आयोजन समिति ने प्रतियोगिता के सफल संचालन का भरोसा व्यक्त किया।

## विजिलेंस टीम ने निवाड़ी थाना प्रभारी निरीक्षक को 50 हजार रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**मोदीनगर।** विजिलेंस टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए निवाड़ी थाना प्रभारी जयपाल सिंह रावत को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। अबूपुर गांव निवासी राकेश उर्फ बिट्टू प्रधान ने बताया कि उनके खिलाफ अबूपुर निवासी विजय सिंह ने गत 2 जनवरी को एक मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में राहत देने और कार्रवाई न करने के बदले निवाड़ी थाना प्रभारी जयपाल सिंह रावत उनसे 50 हजार की मांग कर रहे थे। इसकी शिकायत उन्होंने विजिलेंस टीम से की जिसके बाद विजिलेंस टीम ने विजिलेंस टीम ने शिकायत के आधार पर जाल बिछाया और आरोपी एसओ को रिश्वत की रकम लेते समय मौके पर ही गिरफ्तार किया है।विजिलेंस टीम ने आरोपी के पास से रिश्वत की राशि बरामद कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

# डॉ के एन मोदी कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में विद्यालय स्तरीय विज्ञान एवं गणित पर्यावरण और क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सीनियर वर्ग में कक्षा 12 के छात्रों कनिष्क वर्मा, अर्श सैफी, फैजान तुषार ने जल की शुद्धिकरण का एक उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया। जिसमें उसने डिफरेंट स्टेप्स में अशुद्ध जल कैसे प्यूरिफाई होता है। और वह कैसे हम तक शुद्ध अवस्था में आ जाता है। सीनियर वर्ग में ही आकाश अश्विन विशेष ने गणित में ट्रिग्नोमेट्री पार्क बनाया जिसमें ट्रिग्नोमेट्री से संबंधित सभी कोणों और साइन कोस को आसानी से समझा जा सकता कक्षा 12वीं के छात्र शिवाजी ने चिमनी की धुएं से निकलने वाले कार्बन और जहरीली गैसेस को हवा से अलग करके और उसमें शुद्ध ऑक्सीजन गैस को भेजने का एक उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किया। उसने ह्यूमन लंग्स के बारे में भी एक मॉडल प्रस्तुत किया कक्षा 10 के छात्र आर्यन ज्वालामुखी का एक वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किया। सीनियर वर्ष में दीपांशु सोम ,देव कर्दम अमन कुशल मयंक कर्दम हर्षित गोयल मनदीप अंतरिक्ष विज्ञान में स्पेस शटल का मॉडल प्रस्तुत किया जूनियर वर्ग में आदित्य अर्जुन अभिषेक ने नॉन वर्किंग मॉडल एक स्पीड ब्रेकर फ्रॉम नॉन न्यूटोनियम फ्लड का बनाया। इस फ्लूड की खासियत है जूनियर वर्ग में अभय राज सिंह इंसान हेमंत गुप्ता ने कार्बन शुद्धिकरण का मॉडल प्रस्तुत किया। यह बच्चे कक्षा 6 डी के छात्र हैं उन्होंने विंडमिल भी बनाया। जूनियर वर्ग में जूनियर वर्ग में नैतिक छात्र ने हाईवे का मॉडल प्रदूषित किया उज्जवल सिंह ने एक पर्यावरण पार्क बनाया विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि इससे विद्यालय विद्यालय के छात्रों के अंदर वैज्ञानिक सोच ,गणित के प्रति रुचि ,पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा होती है। विद्यालय के छात्रों के विज्ञान के मॉडल प्रदेश में ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होते हैं। इस प्रदर्शनी को सफल बनाने में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता राजीव कुमार का विशेष योगदान रहा।

## ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिता आयोजित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, अबूपुर रोड, मुरादनगर में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए दौड़ प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं। इसमें पाकथन रेस, मैथ स्पीड रेस, शेप रन, हर्डल रेस और ऑब्स्टेकल रेस शामिल थीं। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। दौड़ते समय उनकी ऊर्जा और जोश देखने लायक था। सभी ने खेलों का भरपूर आनंद लियो विभिन्न दौड़ों में विजेता छात्रों की सूची इस प्रकार है: पैकाथॉन रेस प्रथम स्थानः अबुजर मलिक, द्वितीय स्थानः दिव्यांश, तृतीय स्थानः गौरी मैथ स्पिरिट रेस प्रथम स्थानः आरिफ मलिक, द्वितीय स्थानः रावी त्यागी, तृतीय स्थानः एंजेल, शेप रेस प्रथम स्थानः पर्निका, द्वितीय स्थानः कीर्ति, तृतीय स्थानः अर्शान मलिक हर्डल रेस प्रथम स्थानः कार्तिक द्वितीय स्थानः रिहान और ऋषभ तृतीय स्थानः दक्षिता ने प्राप्त किया।

## प्रिंस चौधरी ने नेशनल चैम्पियनशिप गोल्ड मेडल प्राप्त किया



वेलकम इंडिया

इंडियन पावर लिफटिंग फैडरेशन द्वारा 17 जनवरी से 21 जनवरी तक सुबतरा क्लासिक नैशनल चैम्पियनशिप का आयोजन हरिद्वार उत्तराखण्ड में आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न राज्यो के खिलाडियों द्वारा भिन्न-भिन्न वर्ग की प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में 74 किलो वर्ग एक्वाट बैंच और डेड लिफ्ट में मोदीनगर के मौहल्ला सुचेतापुरी निवासी प्रिंस चौधरी द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रिंस चौधरी की इस उपलब्धि पर क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए क्षेत्रीय विधायक श्रीमती डा० मंजू शिवाच व ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह भाजपा नगर अध्यक्ष आकाश शर्मा, एडवोकेट राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट विवेक चौधरी व यशवीर सिंह फौजी ने प्रिंस चौधरी व उसके पिता उपेन्दर चौधरी सहित परिवार वालो को बधाई देकर समान्नित किया।

# दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा चैरिटी कार्यक्रम आयोजित किए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने समाज सेवा की भावना को साकार करते हुए विभिन्न स्थानों पर चैरिटी कार्यक्रम आयोजित किए। यह सभी कार्यक्रम विद्यालय के शिक्षकों के मार्ग दर्शन में संपन्न हुए। विद्यालय के विद्यार्थी फूड प्लाजा के सामने स्थित गरीब बस्ती में पहुँचे, जहाँ उन्होंने जरूरतमंद लोगों को वस्त्र, खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने संवेदनशीलता और सहयोग की भावना का परिचय दिया।

इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षिकाएँ चेतना मैम, शुची मैम, ज्योति मैम, रियांशी मैम तथा शिवम गोयल सर के साथ मेरठ स्थित ₹मिशनरीज ऑफ चैरिटीज₹ के अंतर्गत ₹प्रेम निवास₹ पहुँचे, जहाँ वरिष्ठ नागरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित लोग निवास करते हैं। साथ ही विद्यार्थियों ने ₹ज्योति निवास₹, जो बच्चों के लिए संचालित है, वहाँ भी जाकर बच्चों को उपयोगी सामग्री भेंट की और उनके साथ समय बिताया। इसी क्रम में विद्यालय के विद्यार्थी मोदीनगर स्थित एनजीओ 'निष्काम सेवा' में भी चैरिटी कार्य के लिए गए, जहाँ उन्होंने कम्बल, वस्त्र, खाद्य सामग्री व अन्य दिनचर्या में काम आने वाली वस्तुएं देकर जरूरतमंदों की सहायता कर मानवता का संदेश दिया। इन सभी सामाजिक सेवा कार्यक्रमों के पीछे विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों में करुणा, सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे समाजोपयोगी कार्यों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

## पाँच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद ,( अनिल वशिष्ठ)।** इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट, राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा द सेमीकंडक्टर शिफ्ट शीर्षक से पाँच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ. जसदीप कौर (आईजीडीटीयू, दिल्ली) मुख्य अतिथि रहीं तथा उन्होंने सर्किट डिजाइन विषय पर व्याख्यान भी दिया। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, ग्रुप एडवाइजर, डॉ. बी. सी. शर्मा, संस्थान के निदेशक, एवं डॉ. आर. के. यादव, डीन एवं विभागाध्यक्ष (ईसीई) भी उपस्थित रहे।डॉ. आरके यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सेमीकंडक्टर तकनीक में हो रहे तेजी से बदलावों को देखते हुए यह एफडीपी एक महत्वपूर्ण पहल है। एफडीपी के दौरान सेमीकंडक्टर डिजाइन, फैब्रिकेशन और अनुप्रयोगों पर व्याख्यान, कार्यशालाएं और तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो विभिन्न संस्थानों के फैकल्टी सदस्यों के लिए उपयोगी होंगे।इस अवसर पर विभाग के सभी फैकल्टी सदस्य एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट ने गंग नहर घाटों पर चलाया सफाई अभियान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** 35 यूपी बटालियन एनसीसी मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह के आदेश अनुसार एवं सूबेदार मेजर परमानंद के निर्देशन में मुरादनगर गंग नहर पर पुनीत सागर अभियान कार्यक्रम चलाया गया। जिसके अंतर्गत मुरादनगर गंग नहर के घाटों की साफ सफाई की गई तथा गंगनहर से लगभग दो कुंतल पॉलिथीन मिट्टी के टूटे बर्तन, कचरा आदि इकट्ठा कर गंग नहर के घाटों को साफ किया गया। पुनीत सागर अभियान में श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर, किसान नेशनल इंटर कॉलेज मुरादनगर, केंद्रीय विद्यालय मुरादनगर के 103 एनसीसी कैडेट ने प्रतिभाग किया। साथ ही एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ,सूबेदार मेजर परमानंद व एन सी सी कैडेट ने गंग नहर पर वृक्षारोपण किया। तथा सभी कैडेट को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में डॉक्टर अमित कुमार ने सभी एनसीसी कैडेट को वृक्षारोपण के लाभ से अवगत कराया तथा बताया कि अगर हम अपने वातावरण को साफ व स्वच्छ देखना चाहते हैं तथा आने वाली पीढ़ी के लिए एक हरा भरा प्रदूषण मुक्त वातावरण देना चाहते हैं तो आज ही हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए जिससे कि आगे हमें कोई समस्या ना हो। इस अवसर पर श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर के प्रधानाचार्य विनोद कुमार, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ,लेफ्टिनेंट मुकेश शर्मा, एनसीसी ऑफिसर अनुराग गुप्ता, सूबेदार मेजर परमानंद, हवलदार संजीत कुमार, हवलदार पंकज, हवलदार भूप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# रेल राज्यमंत्री से सांसद ने की रेलवे की समस्याएं दूर करने की मांग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** बागपत लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने मंगलवार को बागपत लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न रेलवे समस्याओं के समाधान हेतु केंद्रीय रेल राज्य मंत्री और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू से मुलाकात की। सांसद ने इन समस्याओं को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री को एक मांगपत्र सौंपा। रवनीत सिंह बिट्टू ने सांसद को आश्वस्त किया कि जल्द ही इनका समाधान होगा। सांसद ने मंत्री को बताया कि कोरोना काल में विभिन्न ट्रेनों के स्टॉपेज को बंद कर दिया गया था। कोरोना काल खत्म होने के बाद भी इनको अभी तक शुरू नहीं किया गया है, जिसके चलते लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है। इन स्टॉपेज को जल्द से जल्द दोबारा शुरू कराया जाए ताकि लोगों को हो रही परेशानी का समाधान हो सके। सांसद ने कहा कि बागपत के ब्राह्मण पुट्टी में रेलवे स्टेशन पर हाल्ट की सुविधा दी जाए, जिससे यहां के लोगों को इसका लाभ मिल सके।इसके अलावा सांसद ने मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य कराने की मांग की। राजकुमार सांगवान ने मंत्री को बताया कि यह फुट ब्रिज दोनों ओर से मोदीनगर शहर को जोड़ने का काम करेगा। सांसद ने मंत्री से कहा कि मेरठ कैंट रेलवे स्टेशन परतापुर पर डीएफसी के अंतर्गत लॉजिस्टिक हब बनाया जाए, इसके बनने से आसपास जिलों के व्यापारियों को बड़ा लाभ मिलेगा। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री ने सांसद को सभी मांगो को लेकर सकारात्मक जवाब दिया है।

# अंचल स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी :-** पंजाब नेशनल बैंक के आह्वान के अनुसार आयुक्त सभागार वाराणसी में पीएनबी ताल तरंग उत्सव के अंतर्गत अंचल स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन अंचल प्रमुख दीपक सिंह की अध्यक्षता में धूमधाम से किया गया उत्सव का शुभारम्भ करते हुए अंचल प्रमुख ने कहा कि बैंक विजन के अनुसार यह उत्सव अंचल स्तर पर आयोजित किया जा रहा है इसका उद्देश्य व्यावसायिक गतिविधियों से इतर स्टाफ सदस्यों की प्रतिभाओं को निखारने के साथ-साथ उनके बीच स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा एवं मेल मिलाप को बढ़ावा देना है इसके अंतर्गत अंचल के अधीन पाँचों मंडलों कानपुर, प्रयागराज, रायबरेली, मऊ एवं वाराणसी के विभिन्न प्रतिभागियों ने समूह नृत्य/नृत्य (एकल), समूह गायन, लघु नाटिका, शास्त्रीय वाद्ययंत्र, एकल अभिनय, सुगम संगीत (एकल/युगल) एवं शास्त्रीय संगीत (एकल) में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं उल्लेखनीय कि इससे पूर्व पीएनबी खेल उत्सव के अंतर्गत 24 और 25 जनवरी 2026 को अंचल स्तर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं जैसे क्रिकेट, बैटमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, दौड़, लम्बी कूद, गोला फेक आदि का आयोजन किया गया था इस अवसर पर उत्कृष्ट व्यावसायिक प्रदर्शन करने वाले एमडी एवं सीईओ, ईडी एवं अंचल प्रमुख क्लब में शामिल स्टाफ सदस्यों, दिसम्बर तिमाही में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मंडलों/शाखाओं/कार्यालयों के विजेताओं, पीएनबी वन, वित्तीय समावेशन के क्रान्तिवीर अभियान के विजेताओं, पीएनबी खेल उत्सव एवं ताल तरंग के विजेताओं को अंचल प्रमुख एवं उप अंचल प्रमुख हरविन्दर सिंह रंधावा के कर कमलों से सम्मानित किया गया इस अवसर पर आंचलिक लेखा परीक्षा प्रमुख संदीपन आचार्य, प्रभाष चन्द्र लाल मंडल प्रमुख वाराणसी, रामेन्द्र नारायण ओम मंडल प्रमुख प्रयागराज, अमित कुमार मंडल प्रमुख मऊ, रक्तिमावा दान मंडल प्रमुख रायबरेली, अंचल कार्यालय से संजीव पुरकाएत, राजेश कुमार, उपेन्द्र सिंह, सहायक महाप्रबंधकगण, मंडलों से सहायक महाप्रबंधकगण, एमसीसी, सीएसी, पीएलपी के प्रमुख, मुख्य प्रबंधकगण एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता एवं प्रतिभागीगण उपस्थित थे।

# सुन्दर लिखावट से मिलती है नई पहचान व सम्मान :- बोहरा

वेलकम इंडिया



बाड़मेर राजस्थान विद्यार्थियों में लेखन कौशल व सुन्दर लिखावट को लेकर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सांसियों का तला में सुन्दर लिखावट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि सांसियों का तला विद्यालय में विद्यार्थियों में लेखन कौशल को बेहतर व सुन्दर बनाने को लेकर हिन्दी व राजस्थानी के विद्वान डॉ. कंवराज सिंह राव राणीगांव की प्रेरणा व सौजन्य से सुन्दर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेते हुए बहुत ही अच्छी लिखावट से गद्यांश का लेखन किया। जिसमें 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया में बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे क्रमशः मानसी, प्रेमी व पूजा तथा बालक वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे क्रमशः आशीष कुमार, संजीत खान, कर्ण कुमार को नकद पुरस्कार सहित धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। अमन ने कहा कि लिखावट से भी व्यक्ति की पहचान होती है। वहीं सुन्दर लिखावट से व्यक्ति को नई पहचान के साथ-साथ मान-सम्मान भी मिलता है। सुन्दर लिखावट वालों को हर जगह मान-सम्मान मिलता है। इस दौरान स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन, डालूराम सेजू, उषा जैन, रूपाराम सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शहर में विकास की रफ्तार तेज, 6 करोड़ 50 लाख के कार्यों का महापौर ने किया शिलान्यास

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर आवागमन व जल निकासी व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर सुनीता दयाल ने मंगलवार को लगभग 6 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। शहर के अलग-अलग वार्डों में नाला, सड़क और सौंदर्यकरण कार्यों के लिए नारियल फोड़कर विधिवत निर्माण कार्यों की शुरूआत कराई गई। इस अवसर पर पार्षद नरेश जाटव, उदित मोहन गर्ग, विनिल दत्त, दयानंद शर्मा, राजेश शर्मा, ऋषभ तिवारी, मद्रासी भाई सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि शहर के हर कोने तक विकास पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और जहां भी वर्षों से निर्माण कार्यों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, वहां प्राथमिकता के आधार पर काम कराए जा रहे हैं। महापौर ने बताया कि वार्ड-39 में भाटिया रोड गुरुद्वारे के सामने आरसीसी नाले के नवीनीकरण, मेरठ तिराहे से गंगाजल रोड होते हुए एनएच-9 तक सेंट्रल वर्ज के सौंदर्यकरण, वार्ड-27 में आयुर्वेदिक चिकित्सालय से सीवरेज प्लांट तक सड़क के दोनों ओर नाला निर्माण, प्लांट रोड व डूंडाहेड़ा क्षेत्र में आरसीसी नालों के निर्माण सहित वार्ड-46 न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी और वार्ड-51 प्रताप विहार में सड़क व नाली निर्माण के कार्य शामिल हैं। इन सभी कार्यों की लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा मांग की जा रही थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए महापौर ने त्वरित कार्रवाई कराई। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान महापौर ने अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और मानक सामग्री का ही उपयोग हो, ताकि कार्य लंबे समय तक टिकाऊ रहें। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और शहर की सूरत में बड़ा बदलाव दिखाई देगा। मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए महापौर सुनीता दयाल ने कार्यक्रम के दौरान अपने स्वयं के संसाधनों से मंगाए गए उच्च गुणवत्ता वाले कोट और कंबल भी स्थानीय जरूरतमंद लोगों को वितरित किए। कोट और कंबलों की गुणवत्ता और उपयोगिता की लोगों ने खुले दिल से सराहना की।

# सेमीकंडक्टर तकनीक पर मंथन, पाँच दिवसीय फैकल्टी विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग द्वारा मंगलवार को 'सेमीकंडक्टर में परिवर्तन विषय पर पाँच दिवसीय फैकल्टी विकास कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 02 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर आगामी पाँच दिनों तक चलेगा, जिसमें सेमीकंडक्टर तकनीक के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की जाएगी। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. जसदीप कौर रहीं। उन्होंने परिपथ अभिकल्पना विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए सेमीकंडक्टर तकनीक में हो रहे नवीन परिवर्तनों और उनके व्यावहारिक उपयोगों पर प्रकाश डाला। उनके व्याख्यान को शिक्षकों एवं छात्रों ने अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया। इस अवसर पर संस्थान के ग्रुप सलाहकार डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, निदेशक डॉ. बी. सी. शर्मा तथा डीन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष डॉ. आर. के. यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. आर. के. यादव ने कहा कि वर्तमान समय में सेमीकंडक्टर तकनीक तेजी से बदल रही है और ऐसे में शिक्षकों का अद्यतन ज्ञान से जुड़ा रहना अत्यंत आवश्यक है। यह फैकल्टी विकास कार्यक्रम शिक्षकों को नवीन तकनीकों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के दौरान सेमीकंडक्टर अभिकल्पना, निर्माण प्रक्रिया एवं उनके अनुप्रयोगों पर व्याख्यान, कार्यशालाएँ और तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों का लाभ विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आए फैकल्टी सदस्यों को मिलेगा, जिससे शिक्षण गुणवत्ता में भी सुधार होगा। उद्घाटन समारोह में विभाग के समस्त फैकल्टी सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर शिक्षकों और विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# घूसखोरी में यूपी ग्रामीण बैंक के तीन कर्मी सीबीआई के शिकंजे में

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की एंटी करप्शन विंग द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की सहसपुर बिजनौर शाखा में की गई बड़ी कार्रवाई के बाद घूसखोरी के आरोप में गिरफ्तार तीनों बैंककर्मियों को सीबीआई की विशेष अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शाखा प्रबंधक कपिल कुमार, फील्ड अधिकारी विकास कुमार और संविदा कर्मी मोहम्मद नोमान शामिल हैं, जिन्हें 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया था। सीबीआई एंटी करप्शन विंग की टीम शनिवार शाम बिजनौर के सहसपुर स्थित बैंक शाखा में छापामारी करने पहुंची थी। जांच के दौरान टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और जैसे ही रिश्वत की रकम का लेन-देन हुआ, तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उन्हें गाजियाबाद लाकर सीबीआई अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने तीनों को जेल भेजने के आदेश दिए। मामले के अनुसार ग्राम जयरामपुर निवासी चंचल दिवाकर की पत्नी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत आरओ प्लांट स्थापित करने के लिए पांच लाख रुपये के ऋण हेतु उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की सहसपुर शाखा में आवेदन किया था। आरोप है कि ऋण स्वीकृत करने के एवज में फील्ड अधिकारी विकास कुमार ने पहले 40 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की, जिसे बाद में बढ़ाकर 45 हजार रुपये कर दिया गया।

आवेदक द्वारा रिश्वत की मांग से परेशान होकर सीबीआई से शिकायत की गई। जांच में यह सामने आया कि फील्ड अधिकारी ने शाखा प्रबंधक कपिल कुमार के साथ मिलकर रिश्वत लेने की साजिश रची थी, जिसमें संविदा कर्मी मोहम्मद नोमान की भी भूमिका रही।

## भोजपुर थाने के आठ दारोगा लाइन हाजिर

**गाजियाबाद।** पासपोर्ट फजीवाड़े के मामले में पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भोजपुर थाने के आठ उप निरीक्षकों को मंगलवार को लाइन हाजिर कर दिया है। इस गंभीर प्रकरण में लापरवाही और संदिग्ध भूमिका के चलते भोजपुर थानाध्यक्ष सचिन कुमार को भी लाइन हाजिर किया गया है। कार्रवाई के बाद जिले के पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जांच में सामने आया है कि भोजपुर थाने का मुंशी दीपक कुमार, दारोगाओं की आईडी का दुरुपयोग करते हुए थाने के भीतर बैठकर पासपोर्ट सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर रहा था। फर्जी तरीके से किए गए इन सत्यापनों के आधार पर भोजपुर क्षेत्र के नाम और पतों पर कई पासपोर्ट जारी कराए गए, जिससे पूरे सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले की जांच को और गहराई देने के लिए पुलिस 30 से अधिक मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल और गतिविधियों की कुंडली खंगाल रही है। इनमें पासपोर्ट एजेंट, पुलिसकर्मी, डाक विभाग के कर्मचारी और पासपोर्ट हासिल करने वाले लोगों से जुड़े नंबर शामिल हैं। एजेंट विवेक गांधी और प्रकाश सुब्बा से जिन नंबरों पर बातचीत हुई, उन्हें जांच का मुख्य आधार बनाया गया है। पुलिस ने इस संगठित फजीवाड़े के नेटवर्क को उजागर करने के लिए चार विशेष टीमें गठित की हैं, जो 22 फरार आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे पासपोर्ट किस उद्देश्य से हासिल किए गए थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पूरे मामले की जांच दिनभर जारी रही और आने वाले दिनों में इस प्रकरण से जुड़े और बड़े खुलासे होने की संभावना है। यह कार्रवाई पुलिस विभाग में जवाबदेही तय करने और सिस्टम को दुरुस्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

## एसआईआर अभियान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, तीन बीएलओ पर दर्ज हुआ मुकदमा

**गाजियाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रताप विहार क्षेत्र में तैनात तीन बूथ लेवल अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष उपाध्याय ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम बताया है। नगर मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपोजिट विद्यालय सुदामापुरी मतदेय स्थल पर नियुक्त बीएलओ शशिकांत, लीलावती पब्लिक स्कूल प्रताप विहार में तैनात बीएलओ रेखा तथा सरस्वती शिशु निकेतन हाईस्कूल भीमनगर की बीएलओ गीता को एसआईआर अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहने के लिए तीनों को पूर्व में लिखित नोटिस भी जारी किए गए थे, इसके बावजूद उन्होंने निर्धारित कार्य नहीं किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की और जांच के बाद तीनों बीएलओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के आदेश दिए। प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र की आधारशिला है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही को स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि अभियान के दौरान यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा ड्यूटी में कोताही बरती गई तो उसके विरुद्ध इसी तरह की कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस सख्त कदम से निर्वाचन संबंधी कार्यों में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया है।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने दिए सख्त और त्वरित निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने आमजन की शिकायतें गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जनता दर्शन में लगातार बढ़ रही शिकायतों की संख्या को प्रशासनिक सक्रियता का परिणाम बताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, विद्युत, स्वास्थ्य, निर्माण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। विशेष रूप से भूमि पर अवैध कब्जे से जुड़े मामलों को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि लोनी क्षेत्र में किसी भी स्थिति में भूमाफियाओं और अवैध कब्जाधारियों को पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि कब्जाने वाले दोषियों के साथ-साथ उनके सहयोगियों के विरुद्ध भी सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। भूमि से संबंधित मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर जाकर कार्यवाही करे, जिससे पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके। जनसुनवाई के दौरान विरासत के आधार पर लंबित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों का भी उल्लेख करते हुए जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ ने बताया कि ऐसे मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जा रहा है। जिन आवेदनों में पुलिस और तहसील स्तर की जांच रिपोर्ट प्राप्त होकर सभी औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी थीं, उन्हें स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि विरासत शस्त्र लाइसेंस से संबंधित आवेदक किसी भी कार्यदिवस में शस्त्र अनुभाग, कलेक्ट्रेट गाजियाबाद से संपर्क कर सकते हैं। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों से फरियादियों में राहत और प्रशासन के प्रति विश्वास दिखाई दिया।

# कैंसर की गिरफ्त में गाजियाबाद, हर साल बढ़ रहे मरीज, 10 फीसदी की हो रही मौत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप लेता जा रहा है। जिले में करीब 15 हजार कैंसर मरीज निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं, जिनमें से हर वर्ष लगभग 10 प्रतिशत मरीजों की मौत हो रही है। सरकारी स्तर पर समुचित इलाज की व्यवस्था न होने के कारण मरीजों को दिल्ली और चैरिटेबल अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बदलती जीवनशैली और दिनचर्या के चलते कैंसर के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार गाजियाबाद में सबसे अधिक मुंह, स्तन और सर्वाइकल कैंसर के मरीज सामने आ रहे हैं। दुहाई स्थित श्री जगन्नाथ कैंसर चैरिटेबल अस्पताल के वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. ऋषि गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष उनके अस्पताल में 3559 नए कैंसर मरीज पहुंचे हैं, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या 2742 थी। आंकड़े स्पष्ट रूप से कैंसर के बढ़ते खतरे की ओर इशारा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक मामले ब्रेस्ट कैंसर के हैं, इसके बाद ओरल और थ्रोट कैंसर तथा तीसरे स्थान पर फेफड़ों के कैंसर के मरीज हैं। डॉ. ऋषि गुप्ता ने बताया कि विकसित देशों में कैंसर के लगभग 60 प्रतिशत मामलों का पता पहली और दूसरी अवस्था में ही चल जाता है, जिससे मरीजों की जीवित रहने की संभावना अधिक रहती है। वहीं भारत में करीब 70 प्रतिशत कैंसर के मामलों का पता तीसरी और चौथी अवस्था में चलता है, जिसके कारण यहां सर्वाइवल रेट बेहद कम है। वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. ज्ञानेंद्र मित्तल ने बताया कि जनपद में बड़ी संख्या में मरीज निजी अस्पतालों पर निर्भर हैं और हर साल इलाज के दौरान लगभग 10 प्रतिशत मरीजों की मृत्यु हो रही है।

# जनता की समस्याओं पर त्वरित एक्शन, नगर आयुक्त ने दिए समाधान के निर्देश

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा संचालित जनसमस्या समाधान मंच 'संभव के अंतर्गत मंगलवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जनसुनवाई करते हुए प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। संभव के दौरान कुल आठ संदर्भ प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश निर्माण विभाग से संबंधित रहे। नगर आयुक्त के निर्देश पर संबंधित विभागों की टीमों को मौके पर भेजते हुए समस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया तुरंत शुरू कराई गई। जनसुनवाई के दौरान प्रकाश व्यवस्था, जलकल, संपत्ति एवं कर से संबंधित शिकायतें भी सामने आईं, जिन पर विभागीय अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि संभव मंच का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उसी दिन समाधान तक पहुंचना है, जिससे नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। संभव के अंतर्गत दयानंद नगर से निर्माण कार्यों से जुड़ा प्रकरण, नेहरू नगर से जल पाइपलाइन संबंधी शिकायत, गोविंदपुरम से पार्क की दीवार मरम्मत, नंदग्राम से हाई मास्ट लाइट, डी-ब्लॉक गोविंदपुरम से सर्विस रोड निर्माण, गांधीनगर से गृहकर, वैशाली से नाला निर्माण तथा विजयनगर से निगम भूमि को कब्जा मुक्त कराने से संबंधित संदर्भ प्राप्त हुए। सभी मामलों में संबंधित विभागों को तत्काल निर्देश देकर कार्रवाई कराई गई। कार्यक्रम के दौरान शास्त्री नगर से हाई मास्ट लाइट खराब होने की शिकायत सामने आई, जिस पर नगर आयुक्त के निर्देश पर प्रकाश विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मात्र एक घंटे के भीतर शास्त्री नगर एम ब्लॉक की हाई मास्ट लाइट को ठीक कर प्रकाश व्यवस्था बहाल कर दी। समस्या के त्वरित समाधान से क्षेत्रवासियों ने संतोष व्यक्त करते हुए नगर निगम और प्रकाश विभाग का आभार जताया।

# विजिलेंस का बड़ा एक्शन, रिश्वत लेते निवाड़ी थाने के एसएचओ गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विजिलेंस विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह मोदीनगर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए निवाड़ी थाने के प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह रावत को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी उस समय की गई, जब एसएचओ अबूपुर गांव के पूर्व प्रधान राकेश कुमार उर्फ बिट्टू से एक पुराने मामले में मदद के बदले रिश्वत की रकम ले रहे थे। कार्रवाई के बाद पूरे क्षेत्र में इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पूर्व प्रधान राकेश कुमार उर्फ बिट्टू ने विजिलेंस टीम मेरठ में एसएचओ जयपाल सिंह रावत के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एसएचओ एक पुराने प्रकरण में राहत दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। शिकायत की प्राथमिक जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद विजिलेंस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। तय योजना के अनुसार, जैसे ही राकेश कुमार उर्फ बिट्टू ने एसएचओ को रिश्वत की रकम सौंपी, विजिलेंस टीम ने तत्काल छापा मारते हुए उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी के दौरान 50 हजार रुपये की रिश्वत राशि बरामद की गई, जिससे आरोपों की पुष्टि हो गई। रंगे हाथ पकड़े जाने के बाद विजिलेंस टीम ने एसएचओ जयपाल सिंह रावत के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की जांच के लिए उन्हें हिरासत में ले लिया गया है।

# कवि नगर में वेंडिंग जोन को लेकर पोस्टरों से जताया कड़ा विरोध

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** कवि नगर क्षेत्र में प्रस्तावित वेंडिंग जोन को लेकर स्थानीय निवासियों में तीव्र रोष देखने को मिल रहा है। विरोध दर्ज कराने के लिए क्षेत्र में जगह-जगह पोस्टर लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से नगर निगम के प्रस्ताव के खिलाफ खुलकर आपत्ति जताई गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम कवि नगर की ग्रीन बेल्ट में वेंडिंग जोन विकसित करने की योजना बना रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। निवासियों का कहना है कि कवि नगर एक पाश आवासीय क्षेत्र है, जहां भूखंड खरीदते समय प्राइम लोकेशन शुल्क का अलग से भुगतान किया गया था। क्षेत्र में पहले से ही यातायात का दबाव बना रहता है। विशेष रूप से सी ब्लॉक में स्थित बाजार के कारण आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। ऐसे में यदि सड़क किनारे वेंडिंग जोन विकसित किया गया तो अवैध पार्किंग और जाम की समस्या और अधिक गंभीर हो जाएगी। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि एक ओर नगर निगम प्रदूषण नियंत्रण और हरियाली बढ़ाने की बात करता है, वहीं दूसरी ओर ग्रीन बेल्ट को खत्म करने की तैयारी की जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कवि नगर पहले ही प्रदूषण की मार झेल रहा है और वायु गुणवत्ता सूचकांक रेड जोन में पहुंचने की स्थिति में ग्रीन बेल्ट से छेड़छाड़ किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। निवासियों ने स्पष्ट किया कि यदि बिना भूमि उपयोग परिवर्तन के वेंडिंग जोन बनाया गया तो यह नियमों का उल्लंघन होगा। इसके विरोध में लोगों ने अदालत में मुकदमा लडे के लिए आपसी सहयोग से चंदा भी एकत्रित कर लिया है। लोगों ने चेतावनी दी है कि नगर निगम ने यदि उनकी आपत्तियों की अनदेखी की तो वे न्यायालय और राष्ट्रीय हरित अधिकरण का दरवाजा खटखटाने के साथ-साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

आरडब्ल्यूए जे ब्लॉक कवि नगर के अध्यक्ष अजय टंडन ने कहा कि कवि नगर में वेंडिंग जोन किसी भी सूरत में नहीं बनने दिया जाएगा। यदि नगर निगम ने जबरन यह योजना लागू करने का प्रयास किया तो निवासी अदालत और एनजीटी का रुख करेंगे। वहीं स्थानीय निवासी रितेश जिंदल ने कहा कि प्राइम लोकेशन के नाम पर अतिरिक्त भुगतान करने के बावजूद ग्रीन बेल्ट को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रदूषण स्तर को नजरअंदाज कर हरियाली को उजाड़ा गया तो लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। स्थानीय निवासियों के इस विरोध ने नगर निगम की प्रस्तावित योजना पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है और आने वाले दिनों में यह मामला और तूल पकड़ सकता है।